भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3155
06 अगस्त, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बच्चों का नियमित टीकाकरण

3155. श्री बृजेन्द्र सिंह:
श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ द्वारा जारी किए गए एक अनुमान के अनुसार, कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान देश में बच्चों के टीकाकरण में तीव्र गिरावट देखी गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;
(ग) देश में मिशन इंद्रधनुष और सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई') के अंतर्गत टीकाकरण किए गए बच्चों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा वैक्सीन-वार संख्या कितनी है; और
(घ) महामारी के कारण देश में नियमित टीकाकरण से छूट गए बच्चों की अनुमानित संख्या कितनी है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री (डॉ. भारती प्रवीण पवार)

(क) और (ख): विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनाईटेड नेशन्स चिल्ड्रन्स इमरजेंसी फंड (यूनीसेफ) के अनुमानों के अनुसार ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) की तीसरी खुराक का भारत का कवरेज वर्ष 2019 में 90 % और 2020 में 85% था। 22 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 डेटा के अनुसार 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 डेटा की तुलना में पूर्ण प्रतिरक्षण कवरेज में बढ़ोतरी को दर्शाया है।
(ग): देश में मिशन इंद्रधनुष और गहन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) के अंतर्गत टीकाकृत बच्चों की संख्या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार, टीका-वार क्रमश: **अनुलग्नक I और II** पर दी गई है।

(घ): सरकार ने नियमित प्रतिरक्षण को सुदृढ़ करने और कोविड-19 महामारी के संकट के बीच प्रतिरक्षण सेवाओं तक अबाधित पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- कोविड-19 महामारी के दौरान सुरक्षित प्रतिरक्षण सेवाएं जारी रखने के लिए दिशा निर्देशों का विकास और प्रसार करना।
- वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट दूर करने और कोविड-19 महामारी के दौरान उचित सावधानियों के साथ नियमित प्रतिरक्षण को सुदृढ़ बनाने के लिए उपयुक्त संचार सामग्री विकसित की गई है और इसे राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किया गया है।
- कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन एवं अन्य लॉजिस्टिक्स की आपूर्ति श्रंखला को सुनिश्चित किया गया है।

- इसके अलावा गैर टीकाकृत एवं आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों को कवर करने के लिए फरवरी, 2021 और मार्च, 2021 में गहन मिशन इंद्रधनुष-3.0 का भी आयोजन किया गया। इन प्रयासों ने प्रतिरक्षण अंतराल कवरेज को कम करने में योगदान दिया है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से पूर्ण प्रतिरक्षण कवरेज में सुधार के लिए विशिष्ट योजना तैयार करने और केवल नियमित प्रतिरक्षण क्रियाकलाप के लिए एक सप्ताह में नामित दिवस सुनिश्चित करने को कहा गया है।

अनुलग्नक-I

मिशन इंद्रधनुष और गहन मिशन इंद्रधनुष का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा

क्र.सं..	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	टीकाकृत बच्चों की संख्या*
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1,245
2	आंध्र प्रदेश	2,18,372
3	अरुणाचल प्रदेश	68,737
4	असम	4,87,619
5	बिहार	20,13,023
6	चंडीगढ़	5,689
7	छत्तीसगढ	5,19,830
8	दादरा और नगर हवेली	658
9	दमन और दीव	889
10	दिल्ली	14,97,113
11	गोवा	826
12	गुजरात	6,76,271
13	हरियाणा	12,67,651
14	हिमाचल प्रदेश	20,703
15	जम्मू और कश्मीर	1,12,257
16	झारखंड	11,31,997
17	कर्नाटक	13,38,108
18	केरल	1,88,367
19	लक्षद्वीप	11**
20	मध्य प्रदेश	29,49,121
21	महाराष्ट्र	10,15,871
22	मणिपुर	63,923
23	मेघालय	1,62,221
24	मिजोरम	22,802
25	नगालैंड	72,067
26	उड़ीसा	5,24,968
27	पुद्दुचेरी	598
28	पंजाब	1,93,850
29	राजस्थान	18,51,733
30	सिक्किम	828
31	तमिलनाडु	6,75,977
32	तेलंगाना	2,93,361
33	त्रिपुरा	37,079
34	उत्तर प्रदेश	2,01,78,185
35	उत्तराखंड	3,96,767
36	पश्चिम बंगाल	6,19,765
	भारत	3,86,08,482

** मिशन इंद्रधनुष, गहन मिशन इंद्रधनुष एवं ग्राम स्वराज्य अभियान/विस्तारित ग्राम स्वराज्य अभियान के अंतर्गत मिशन इंद्रधनुष का संचयी योग*

***लक्षद्वीप: मिशन इंद्रधनुष का आयोजन कम प्रतिरक्षण कवरेज वाले पॉकेट्स में किया जाता है। यह एक बहुत ही कम जनसंख्या वाला संघ राज्य क्षेत्र है और स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) 2019-20 के अनुसार लगभग 93.3 प्रतिशत पूर्ण प्रतिरक्षण कवरेज की रिपोर्ट है।*

अनुलग्नक-II

मिशन इंद्रधनुष और गहन मिशन इंद्रधनुष के दौरान दी गई वैक्सीन वार खुराकें

क्र सं.	**वैक्सीन**	**दी गई खुराकों की संख्या***
1.	कैलमेट और गुएरिन के बेसिलस (बीसीजी)	41,86,228
2.	ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) पहली खुराक	60,58,066
3.	पेंटावैलेंट पहली खुराक	49,90,693
4.	ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) दूसरी खुराक	60,47,861
5.	पेंटावैलेंट की दूसरी खुराक	48,35,818
6.	ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) तीसरी खुराक	59,40,731
7.	पेंटावैलेंट तीसरी खुराक	46,10,301
8.	**खसरा निवारक वैक्सीन प्रथम खुराक**	64,56,922

* *मिशन इंद्रधनुष, गहन मिशन इंद्रधनुष एवं ग्राम स्वराज्य अभियान/विस्तारित ग्राम स्वराज्य अभियान के अंतर्गत मिशन इंद्रधनुष का संचयी योग*